nt>

Title: Need to take steps to check the rise in price of yarn being used in the Powerloom Industry.

श्रीमती निवेदिता माने (इचलकरंजी) : अध्यक्ष जी, पावरलूम उद्योग पर से सेनवैट हटाने पर पावरलूम उद्योगों की ओर से मैं माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देती हूं। महोदय, पावरलूम उद्योग के लिए एक सबसे खतरनाक बात है धागों (यार्न) की कीमतों का अस्थिर होना। महोदय, 8 जुलाई को वित्त मंत्री द्वारा बजट में पावरलूम उद्योग से सेनवैट हटाने की घोाणा के दूसरे दिन ही टैक्सटाइल यार्नों पर 7 रुपये प्रति किलो की दर से एक दिन में भाव बढ़ गया। पावरलूम पर उपयोग होने वाले धागों की कीमतों में उतार-चढ़ाव से कपड़ा बाजार व पावरलूम उत्पादित कपड़ा क्षेत्र में निरंतर अस्थिरता बनी रहती है जिससे घाटा बढ़ता जाता है।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से ये मांग करती हूं कि सरकार द्वारा यार्न की कीमतों को स्थिर रखने हेतु एक निश्चित समय के लिए यार्न का भाव घोाित किया जाना चाहिए और यार्न की कीमतों को उपभोक्ता कानून के अंतर्गत लाया जाना चाहिए ताकि भाव वृद्धि की मनमानी करने वाले एजेंट व व्यापारियों पर कड़ी कार्यवाही की जा सके। इस तरह के कानून से अस्थिर पावरलूम कपड़ा उत्पादन क्षेत्र में स्थिरता लाकर उद्योग को बचाया जा सकता है।